आर.एन.आई नं. 69777/98 / डाक पंजीयन-मालवा डिवीजन/328/2020-22

दैनिक
# हिन्दकुश

hindkush.in jagrayam.com

वर्ष - 27 अंक - 90 उज्जैन, गुरुवार 20 फरवरी 2025 कुल पृष्ठ - 8, कीमत -1 रुपया

## धान उत्पादक किसानों को प्रति हेक्टेयर दो हजार रुपए प्रोत्साहन राशि दी जाएगी-मुख्यमंत्री डॉ. यादव

### मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने उमरिया अंचल के विकास से जुड़ी महत्वपूर्ण घोषणाएं कीं

भोपाल। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि राज्य सरकार धान उत्पादक किसानों को 2000 रुपए प्रति हेक्टेयर के मान से उनके बैंक खाते में अंतरित करेगी। इसका लाभ छोटे किसानों को भी मिलेगा। किसानों के हित में प्रदेश सरकार ने पहले कोदो-कुटकी के उत्पादन पर प्रोत्साहन राशि देने का निर्णय लिया। गेहूं उत्पादक किसानों से भी 2600 रुपए प्रति क्विंटल उपज खरीदी जाएगी। दुग्ध उत्पादक किसानों से सरकार दूध खरीदेगी और उन्हें बोनस भी देगी। किसानों को सोलर पंप देकर उन्हें बिजली के बिल से भी मुक्ति दिलाई जायेगी।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि



हर नगरीय निकाय में गीता भवन बनाए जाएंगे। उमरिया में सोन नदी पर 45 करोड़ रुपए की लागत से नए पुल का निर्माण होगा। एक अन्य पुल भी 32 करोड़ रुपए की लागत से बनेगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बुधवार को उमरिया जिले के नौरोजाबाद में पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न स्व. अटल बिहारी वाजपेयी की प्रतिमा का अनावरण किया एवं विभिन्न विकास कार्यों का लोकार्पण और भूमि-पूजन किया।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा है कि अटलजी का व्यक्तित्व काफी विराट था। इस वर्ष उनकी जन्मशताब्दी मनाई जा रही है। देश में पहली बार गांव-गरीब के बारे में किसी ने सोचा तो वे श्रद्धेय वाजपेयी जी थे। प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना से आज गांवों में आवागमन सुगम हुआ है। गांवों को विकास और शहरों से जोड़ने वाले पहले व्यक्ति भारत रत्न अटलजी ही थे, जिनके सामने संसद में पक्ष-विपक्ष के सभी नेता नतमस्तक रहते थे।

## शर्ट उतारी, कमरे में बंद कर पीटा... केरल में रैगिंग के मामले में 7 छात्र सस्पेंड



नई दिल्ली (एजेंसी)। केरल के तिरुवनंतपुरम के करयावट्टोम स्थित सरकारी कॉलेज में एक जूनियर छात्र से रैगिंग मामले में सात छात्रों को निलंबित किया गया है। इस दौरान पीड़ित छात्र का भी बयान सामने आया है। पीड़ितों में से एक छात्र ने कहा, मैंने अपना बयान दे दिया है और पुलिस एफआईआर दर्ज करेगी।

छात्र के पिता के अनुसार, रैगिंग के कारण पीड़ित को गंभीर चोटें आई और उसका इलाज चल रहा है। एएनआई से बात करते हुए उन्होंने कहा, दोस्तों के बीच झगड़ा हुआ था। रैगिंग हुई है। उस पर गंभीर हमला हुआ और उसका इलाज चल रहा है। हमने पुलिस को बयान दिया है।

छात्र ने क्या कहा- वहीं पीड़ित ने मीडिया को बताया, यह घटना तब हुई जब मैं और मेरा दोस्त अभिषेक कैंपस से गुजर रहे थे। तभी सीनियर्स के एक ग्रुप ने हमें रोक लिया और मुझे पीटना शुरू कर दिया। मेरा दोस्त किसी तरह वहां से भाग निकला और प्रिंसिपल को इसकी जानकारी दी। छात्र ने आगे बताया, उन्होंने मुझे कमरे में बंद किया मेरी शर्ट उतारी और पीटा।

## राष्ट्र निर्माण के लिए पहला कदम मतदान, पद संभालते ही क्या बोले मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार



नई दिल्ली (एजेंसी)। ज्ञानेश कुमार ने 26वें मुख्य चुनाव आयुक्त के रूप में पदभार ग्रहण किया। वह मौजूदा मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार की जगह लेंगे। मुख्य चुनाव आयुक्त के रूप में कार्यभार संभालने के बाद ज्ञानेश कुमार ने मतदाताओं को अब एक संदेश दिया।

ज्ञानेश कुमार ने कहा - राष्ट्र निर्माण के लिए पहला कदम मतदान है और भारत का हर नागरिक जो 18 वर्ष की आयु पूरी कर चुका है, उसे मतदाता बनना चाहिए और हमेशा मतदान करना चाहिए।

चुनाव आयोग मतदाताओं के साथ है- ज्ञानेश कुमार ने कहा कि भारत के संविधान, चुनावी कानूनों, नियमों और उसमें जारी निर्देशों के अनुसार, चुनाव आयोग हमेशा मतदाताओं के साथ था, है और रहेगा।

वो अगले 4 साल तक इस पद पर रहेंगे। इसके साथ ही उनके सामने कई तरह की चुनौतियां भी हैं, जिसमें विपक्ष का विश्वास हासिल करना प्रमुख है। वहीं, चुनाव आयुक्त विवेक जोशी ने भी अपना पद संभाल लिया है।

## असम के मुख्यमंत्री ने गृह मंत्री से की मुलाकात, आगामी मेगा बिजनेस समिट के लिए मांगा गाइडेंस

नई दिल्ली (एजेंसी)। असम के मुख्यमंत्री डॉ हिमंत बिस्वा सरमा ने मंगलवार को राष्ट्रीय राजधानी में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से उनके आधिकारिक आवास पर मुलाकात की। मुख्यमंत्री सरमा ने गृह मंत्री शाह को गुवाहाटी में दो दिवसीय मेगा बिजनेस समिट को देश के भीतर और बाहर से भागीदारी और प्रमुख क्षेत्रों में निवेश की उम्मीद के लिहाज से एक बड़ी सफलता बनाने के लिए उनकी सरकार द्वारा उठाए गए कदमों से अवगत कराया। मुख्यमंत्री ने आगामी कार्यक्रम के लिए केंद्रीय गृह मंत्री से गाइडेंस भी मांगा। यह शिखर सम्मेलन 25 से 26 फरवरी, 2025 को गुवाहाटी के पशु चिकित्सा क्षेत्र, खानापारा में आयोजित किया जा रहा है।



असम को मिलेगा निवेश- शाह ने शिखर सम्मेलन को सफल बनाने के लिए मुख्यमंत्री के अथक प्रयासों की सराहना की। उन्होंने आशा जताई की कि यह मेगा इवेंट न केवल भारी निवेश लाएगा बल्कि असम को भारत के विकास इंजन और निवेश के लिए आकर्षक गंतव्य के रूप में वैश्विक मानचित्र पर भी लाएगा। डॉ सरमा ने शाह के साथ भी बातचीत की और उन्हें गमछा भेंट कर सम्मानित किया। यह बैठक 30 मिनट से अधिक समय तक चली।

दो दिवसीय एडवांटेज असम 2.0 शिखर सम्मेलन का उद्घाटन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 25 फरवरी को करेंगे। बाद में एक्स पर मुख्यमंत्री ने लिखा, आज नई दिल्ली में, मुझे गृह मंत्री अमित शाह से #AdvantageAssamw के लिए उनका मार्गदर्शन लेने का मौका मिला।

इस शिखर सम्मेलन में असम की विनिर्माण क्षमता और निर्यातोन्मुखी विनिर्माण तथा सेवाओं में अवसरों को बढ़ती अर्थव्यवस्थाओं, विशेष रूप से आसियान और बीबीएन देशों में प्रदर्शित किया जाएगा।

## PVR-INOX को 25 मिनट तक विज्ञापन दिखाना पड़ा महंगा, भरना पड़ेगा मोटा जुर्माना




नई दिल्ली (एजेंसी)। बेंगलुरु के एक शख्स ने फिल्म देखने के लिए सिनेमाघर का टिकट बुक कराया था। लेकिन इस दौरान उसके 25 मिनट विज्ञापन देखने में बर्बाद हो गए और फिर उसने पीवीआर-आईनॉक्स पर मुकदमा दायर करवा दिया था। इस केस में अब शख्स को जीत भी मिल गई है और अब मोटी रकम भी मिलने वाली है। रिपोर्ट्स के मुताबिक, बेंगलुरु में एक 30 वर्षीय व्यक्ति ने पीवीआर सिनेमा, आईनॉक्स पर फिल्म की स्क्रीनिंग से पहले लंबे विज्ञापन चलाकर उनका 25 मिनट का समय बर्बाद करने और इस वजह से मानसिक पीड़ा होने को लेकर मुकदमा दायर किया था। अब इस मामले में शख्स ने कोर्ट के द्वारा 65 हजार रुपये का मुआवजा भी जीता है।

काम में नहीं लौट पाया शख्स- मामला 26 दिसंबर 2023 का है, जब बेंगलुरु के अभिषेक एमआर ने शाम 4.05 बजे के शो के लिए सैम बहादुर फिल्म के तीन टिकट बुक किए थे। अपने आरोप में शख्स ने ये दावा किया कि, शाम 6.30 बजे तक फिल्म खत्म होनी थी, इसके बाद उसने अपने काम पर लौटने की प्लानिंग की थी।

शख्स ने आरोप लगाते हुए बताया है कि, फिल्म शाम 6.30 बजे खत्म नहीं हुई, क्योंकि 4.05 मिनट का शो शुरू हुआ तो पहले विज्ञापन और फिल्म के ट्रेलर दिखाए गए, जिसमें करीब 25 मिनट का समय बर्बाद हो गया।

## केरल के मलप्पुरम में फुटबॉल मैच से पहले हादसा, पटाखों में विस्फोट से 30 से अधिक घायल



नई दिल्ली (एजेंसी)। केरल के मलप्पुरम में एरीकोड के पास एक फुटबॉल मैदान में पटाखों में विस्फोट होने से 30 से अधिक लोग घायल हो गए। पुलिस ने सोमवार को इसकी जानकारी दी। इस घटना में घायल लोगों को अस्पताल में भर्ती किया गया है।

एरीकोड पुलिस के मुताबिक कि यह घटना एक फुटबॉल मैदान में हुई जहां एक फुटबॉल मैच शुरू होने से पहले पटाखों का इस्तेमाल किया गया था। पटाखे फूट गए और मैदान में फैल गए, जहां लोग मैच देखने के लिए बैठे थे।

## मराठा साम्राज्य के संस्थापक शिवाजी महाराज की 395वीं जयंती: पीएम मोदी, अमित शाह सहित कई नेताओं ने दी श्रद्धांजलि

नई दिल्ली (एजेंसी)। मराठा साम्राज्य के संस्थापक छत्रपति शिवाजी महाराज की 395वीं जयंती है, इस मौके पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने उनकों श्रद्धांजलि अर्पित की। पीएम मोदी के अलावा गृह मंत्री अमित शाह, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने भी श्रद्धांजलि दी है।

पीएम मोदी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट कर लिखा, उनकी वीरता और दूरदर्शी नेतृत्व ने स्वराज्य की नींव रखी, पीढ़ियों को साहस और न्याय के मूल्यों को बनाए रखने के लिए प्रेरित किया। वह हमें एक मजबूत, आत्मनिर्भर और समृद्ध भारत के निर्माण के लिए प्रेरित करते हैं।

पीएम मोदी के अलावा इन बड़े नेताओं ने श्रद्धांजलि की अर्पित- पीएम मोदी के अलावा केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने शिवाजी महाराज को श्रद्धांजलि अर्पित की और कहा कि उन्हें हमेशा राष्ट्र निर्माता के रूप में याद किया जाएगा।

उन्होंने एक्स पर लिखा, हिंदवी स्वराज्य का



उद्घोष करने वाले छत्रपति शिवाजी महाराज जी का जीवन नैतिकता, कर्तव्य और धर्मपरायणता का संगम था। कट्टरपंथी आक्रांताओं के खिलाफ जीवनभर संघर्ष कर सनातन स्वाभिमान की ध्वजा के रक्षक छत्रपति शिवाजी महाराज को राष्ट्र निर्माता के रूप में सदैव याद किया जाएगा।

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने एक्स पर पोस्ट किया, मैं छत्रपति शिवाजी महाराज की जयंती पर उन्हें नमन करता हूं, उनका अद्वितीय साहस, न्याय के प्रति प्रतिबद्धता और लोगों के कल्याण के प्रति अटूट समर्पण हमें प्रेरित करता रहेगा। निस्वार्थ सेवा, निष्ठा और लचीलापन की शिवाजी महाराज की विरासत आने वाली पीढ़ियों के लिए समृद्धि और शांति का मार्ग प्रशस्त करेगी।

महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने पुणे के शिवनेरी किले में छत्रपति शिवाजी महाराज को श्रद्धांजलि दी। सीएम फडणवीस, उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे और अजित पवार ने शिवाजी महाराज की जयंती पर शिवनेरी किले में पालना समारोह सहित कई कार्यक्रमों में भाग लिया।

कैसे सबसे शक्तिशाली साम्राज्य बना मराठा

बता दें, 1630 में महाराष्ट्र में जन्मे शिवाजी ने अपने राज्य का विस्तार करने के लिए दक्षिण में मुस्लिम सुल्तानों और उत्तर में मुगलों को चुनौती देने के लिए सैन्य प्रतिभा और राजनीतिक निपुणता का संयोजन किया, जो अंग्रेजों द्वारा पराजित होने से पहले भारत का सबसे शक्तिशाली साम्राज्य बन गया।

# भारत के पास पैसा बहुत, 21 मिलियन डॉलर क्यों दें; फंडिंग के सवाल पर बोले डोनाल्ड ट्रंप



नई दिल्ली (एजेंसी)। एलन मस्क के नेतृत्व वाला सरकारी दक्षता विभाग लगातार यूनाइटेड स्टेट्स एजेंसी फॉर इंटरनेशनल डेवलपमेंट यानी यूएसएड से जुड़ी अहम जानकारी साझा कर रही है। कुछ दिनों पहले DOGE ने जानकारी दी थी कि USAID द्वारा भारत समेत दुनियाभर के कई देशों को दी जाने वाली आर्थिक सहायता रोक दी है।

जानकारी सामने आई है कि भारत के चुनाव में मतदान प्रतिशत बढ़ाने की खातिर अमेरिका फंडिंग कर रहा था। अब सवाल यह उठ रहा है कि अमेरिका यह धन किसे देता था? रिपोर्ट के मुताबिक, अमेरिका 21 मिलियन डॉलर (1 अरब 82 करोड़ रुपए) भारत को देता था।

फंडिंग को लेकर जब राष्ट्रपति ट्रंप से सवाल पूछा गया तो उन्होंने कहा कि हम भारत को 21 मिलियन डॉलर क्यों देंगे?

फ्लोरिडा के मार-ए-लागो में एक संवाददाता सम्मेलन में ट्रंप ने कहा उनके (भारत) पास बहुत ज्यादा पैसा है। ऐसे में हम भारत को 21 मिलियन डॉलर क्यों देंगे? ये बात समझ से परे है। उन्होंने कहा कि भारत दुनिया में सबसे ज्यादा टैक्स लगाने वाले देशों में से एक है। हम मुश्किल से वहां पहुंच सकते हैं क्योंकि उनके टैरिफ बहुत ऊंचे हैं। ट्रंप ने ये भी कहा कि वो भारत और प्रधानमंत्री का बहुत सम्मान करते हैं। जो कुछ दिन पहले ही अमेरिका से गए हैं।

DOGE ने कुछ दिनों पहले कहा था कि अमेरिका ने भारत में मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए बनाए गए 21 मिलियन डॉलर के कार्यक्रम में कटौती करने का फैसला किया है। छ्हत्लश्च अमेरिकी सरकार के खर्चे में कटौती कर रहा है। छ्हत्लश्च द्वारा साझा की गई जानकारी के मुताबिक, अमेरिका भारत को 21 मिलियन डॉलर इसलिए देता था ताकि देश के चुनावों में मतदाता की भागीदारी बढ़े।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सलाहकार संजीव सान्याल ने भारत को दी जाने वाली इस फंडिंग पर सवाल उठाए हैं। उन्होंने यूएसएड को मानव इतिहास का सबसे बड़ा घोटाला करार दिया है। सान्याल ने सवाल पूछा कि भारत में मतदान प्रतिशत सुधारने के लिए खर्च किए गए 21 मिलियन अमेरिकी डॉलर और बांग्लादेश में राजनीतिक माहौल को मजबूत करने के लिए 29 मिलियन अमेरिकी डॉलर किसे मिले?

उन्होंने कहा कि नेपाल में राजकोषीय संघवाद पर खर्च किए गए 29 मिलियन अमेरिकी डॉलर का तो जिक्र ही न करें। USAID द्वारा दुनिया के अलग-अलग देशों में मौजूद संस्थाओं को फंडिंग दी जाती थी, जिस पर कटौती की जा रही है।

फंडिंग को लेकर देश में राजनीतिक बहस भी छिड़ गई है। भाजपा ने सवाल उठाए हैं कि साल 2012 में चुनाव आयोग को फंडिंग क्यों की गई। कांग्रेस सरकार के दौरान फंड क्यों दी गई। भारतीय जनता पार्टी ने अमेरिकी फंडिंग को भारत की चुनावी प्रक्रिया में बाहरी दखल करार दिया।

# अंतरिक्ष में ही सुनीता विलियम्स को छोड़ना चाहता था बाइडन प्रशासन, ट्रंप और मस्क ने क्यों किया ऐसा दावा?

नई दिल्ली (एजेंसी)। भारतीय मूल की अमेरिकी अंतरिक्ष यात्री सुनीता विलियम्स जल्द ही धरती पर लौटने वाली हैं। वो स्पेस में पिछले कई दिनों से फंसी हैं। 5 जून 2024 को बोइंग स्टारलाइनर नाम के स्पेसक्राफ्ट से NASA के एक मिशन पर गई थीं, लेकिन स्पेसक्राफ्ट में आई खराबी की वजह से वो और उनके को-वर्कर बुच विल्मोर स्पेस में फंस गए।



सुनीता विलियम्स की वापसी को लेकर अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और उनके सलाहकार एलन मस्क ने एक बड़ा दावा किया है। राष्ट्रपति ट्रंप ने दावा किया है कि बाइडन प्रशासन उन्हें (सुनीता विलियम्स और बुच विल्मोर) अंतरिक्ष में ही छोड़ने वाला था।

फॉक्स न्यूज को दिए इंटरव्यू के दौरान जब दोनों से सुनीता और बुच बोइंग को लेकर सवाल किया गया तो ट्रंप ने कहा कि नासा के अंतरिक्ष यात्री सुनीता विलियम्स और बुच विल्मोर को राजनीतिक कारणों से अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन पर छोड़ दिया गया था। बाइडेन प्रशासन उन्हें अंतरिक्ष में ही छोड़ने वाला था। एलन मस्क ने भी ट्रंप की बात का समर्थन करते हुए कहा, हां, उन्हें राजनीतिक कारणों से वहां (स्पेस में) छोड़ दिया गया, जो अच्छा नहीं है। उन्होंने कहा कि राष्ट्रपति के अनुरोध पर हम अंतरिक्ष यात्रियों की वापसी में तेजी ला रहे हैं, जिसे स्थगित कर दिया गया था। एलन मस्क ने सुनीता विलियम्स की वापसी को लेकर कहा कि हम उनके वापसी के मिशन को लेकर ज्यादा आत्मसंतुष्ट नहीं होना चाहते, लेकिन इतना जरूर है कि हम पहले भी कई बार अंतरिक्ष यात्रियों को सफलतापूर्वक स्पेस से लाने में कामयाब हो चुके हैं।

## पाकिस्तान की हिमाकत, संसद में प्रस्ताव कर की कश्मीर में जनमत संग्रह की मांग




नई दिल्ली (एजेंसी)। बलूचियों के मानवाधिकारों को कुचलने वाला पाकिस्तान जम्मू कश्मीर को लेकर बार- बार राग अलापता रहता है। अब उसने एक बार फिर हिमाकत की है। पाकिस्तान की संसद ने मंगलवार को प्रस्ताव पारित कर नई दिल्ली से कश्मीर में जनमत संग्रह कराने की मांग की।

जम्मू कश्मीर भारत का अभिन्न अंग- भारत इस मांग को पहले ही सिरे से खारिज कर चुका है। भारत ने कई बार कहा है कि जम्मू कश्मीर भारत का अभिन्न अंग था, अभिन्न अंग है और हमेशा रहेगा। जम्मू कश्मीर के चुनावों में हुए मतदान ने साबित किया है कि इस केंद्रशासित प्रदेश में लोकतंत्र मजबूत है।

जम्मू कश्मीर विकास के पथ पर उड़ान भर रहा है, लेकिन पाकिस्तान सुधरने वाला नहीं है। वह बार बार ऐसी हिमाकत कर लोगों को भड़काने की कोशिशों में लगा रहता है।

कश्मीर मामलों के मंत्री अमीर मुकाम ने- रेडियो पाकिस्तान के अनुसार, कश्मीर मामलों के मंत्री अमीर मुकाम ने कश्मीरी लोगों के आत्मनिर्णय के अधिकार का राग अलापते हुए प्रस्ताव पेश किया। इस प्रस्ताव को पाकिस्तान की संसद ने पारित किया।

## ...तो भारत जाने के लिए अपने छात्रों को नहीं देंगे NOC, कलिंगा यूनिवर्सिटी मामले में नेपाल सरकार की धमकी



नई दिल्ली (एजेंसी)। ओडिशा के एक प्राइवेट विश्वविद्यालय में नेपाल की छात्रा की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत के मामले पर नेपाल सरकार ने प्रतिक्रिया दी है। नेपाल के शिक्षा मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि वह भविष्य में ओडिशा के किसी भी विश्वविद्यालय या शैक्षणिक संस्थानों में पढ़ने के इच्छुक अपने छात्रों को अनापत्ति प्रमाण पत्र जारी करना निलंबित कर सकता है।

दरअसल, कलिंगा इंस्टीट्यूट ऑफ इंडस्ट्रियल टेक्नोलॉजी में बीटेक (कंप्यूटर साइंस) थर्ड ईयर की छात्रा प्रकृति लमसल (20) का शव 16 फरवरी की दोपहर उसके हॉस्टल के कमरे से बरामद हुआ था। कथित तौर पर उसने आत्महत्या कर ली थी, जिससे KIIT कैम्पस में अशांति फैल गई।

नेपाल के शिक्षा मंत्रालय ने आगे कहा, इस घटना से उत्पन्न समस्याओं के प्रभावी समाधान की सुविधा के लिए एक हेल्प डेस्क का गठन किया गया है। KIIT में नेपाली छात्रों की पढ़ाई फिर से शुरू हो और अनुकूल माहौल सुनिश्चित किया जाए, इसके लिए हमारा विदेश मंत्रालय भारत सरकार के साथ लगातार राजनयिक प्रयास कर रहा है।

## आतंकवाद का ग्लोबल सेंटर है पाकिस्तान, हृ में पाक विदेश मंत्री ने छेड़ा कश्मीर का मुद्दा तो भारत ने दिया मुंहतोड़ जवाब

नई दिल्ली (एजेंसी)। अंतर्राष्ट्रीय मंच पर एक बार फिर पाकिस्तान ने कश्मीर राग अलापा है। कुछ दिनों पहले संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में पाकिस्तान के विदेश मंत्री इशाक डार ने कश्मीर का मुद्दा उठाया था। पाकिस्तान विदेश मंत्री की टिप्पणी पर भारत ने करारा जवाब दिया है।



संयुक्त राष्ट्र में भारत के राजदूत पार्वथानेनी हरीश ने मंगलवार को साफ-साफ लफ्जों में कहा कि जम्मू और कश्मीर भारत का अभिन्न अंग है और हमेशा रहेगा। उन्होंने कश्मीर पर पाकिस्तान के प्रोपेगेंडा की भी आलोचना की है।

जम्मू-कश्मीर को लेकर भारत ने पाक को सुनाई खरी-खरी- पार्वथानेनी हरीश ने कहा,पाकिस्तान के उप प्रधानमंत्री और विदेश मंत्री ने अपनी टिप्पणी में भारत के अभिन्न और अविभाज्य हिस्से जम्मू-कश्मीर का उल्लेख किया है। मैं फिर से साफ करना चाहूंगा कि जम्मू और कश्मीर भारत का अभिन्न हिस्सा रहा है और हमेशा रहेगा।

उन्होंने आगे कहा,पाकिस्तान का झूठ और प्रोपेगेंडा कश्मीर की जमीनी हकीकत को नहीं बदल सकते। हाल ही में जम्मू कश्मीर में विधानसभा चुनाव हुए। चुनाव में बड़ी संख्या में लोगों ने हिस्सा लिया। इस मतदान ने उनकी पसंद को स्पष्ट किया है। जम्मू-कश्मीर में पाकिस्तान की तुलना में लोकतंत्र जीवंत और मजबूत है।

आतंकवाद पर भारत ने पाक को दिखाया आईना- पार्वथानेनी हरीश ने आतंकवाद का जिक्र करते हुए पाकिस्तान को आईना भी दिखाया। उन्होंने कहा कि भारत हमेशा से पाकिस्तान पोषित आतंकवाद का शिकार रहा है। हरीश ने कहा, पाकिस्तान, आतंकवाद का वैश्विक केंद्र है। मेरे समझ से परे है कि पाकिस्तान, आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में सबसे आगे होने के लिए खुद की पीठ क्यों थपथपाता है?

## कूड़ेदान में फेंक दी पगड़ी, खाने में सिर्फ..., अमेरिका से लौटे सिख युवकों का सामने आया दर्द

नई दिल्ली (एजेंसी)। ट्रंप प्रशान की ओर से अवैध प्रवासियों पर लगातार कार्रवाई की जा रही है। कुछ दिनों पहले अमेरिका से निकाले गए 112 भारतीयों को लेकर विमान अमृतसर पहुंचा। डिपोर्ट किए गए लोगों में सिख समुदाय के लोग भी शामिल थे। डिपोर्ट किए गए कई सिख समुदाय लोगों के सिर पर पगड़ी नहीं थी।



डिपोर्ट किए गए कुछ लोगों ने समाचार एजेंसी पीटीआइए से बातचीत की और बताया कि कैसे निर्वासित लोगों के लिए बनाए गए हिरासत केंद्रों में सिख धर्म की वस्तुओं जैसे पगड़ी का अनादर किया गया और उन्हें कूड़ेदान में फेंक दिया गया।


21 वर्षीय दविंदर सिंह 116 अवैध भारतीय अप्रवासियों के दूसरे जत्थे में शामिल थे, जिन्हें 15 फरवरी की रात को अमेरिकी सैन्य विमान से वापस लाया गया था। दविंदर सिंह पंजाब के होशियारपुर के रहने वाले हैं।

दविंदर सिंह को अवैध रूप से सीमा पार करके अमेरिका में प्रवेश करने के आरोप में हिरासत केंद्र में भेज दिया गया था। दविंदर ने बताया कि पगड़ियों को कूड़ेदान में फेंकते देखना बहुत दुखद था।

कैसा था हिरासत केंद्र का मंजर- उन्होंने हिरासत केंद्र (डिटेंशन सेंटर) में अपने दर्दनाक अनुभव का विवरण देते हुए कहा कि उन्होंने अमेरिकी अधिकारियों को सिख अप्रवासियों की पगड़ियों को कूड़ेदान में फेंकते देखा था।

## हाथों में हथकड़ी...पैरों में जंजीरें.. ऐसे किया जाता है अवैध प्रवासियों को डिपोर्ट

नई दिल्ली (एजेंसी)। अमेरिका में मौजूद अवैध प्रवासी भारतीयों को लगातार भारत वापस भेजा जा रहा है। गौरतलब है कि डिपोर्टेशन के दौरान लोगों के हाथों में हथकड़ियां और पैरों में बेड़ियां डाली जाती है, जिसका वीडियो सोशल मीडिया पर काफी वायरल हो रहा है। इस घटना पर विपक्षी सांसदों ने चिंता जाहिर की और सरकार से सवाल भी पूछे।



इसी बीच व्हाइट हाउस ने हथकड़ियों में बंधे अवैध प्रवासियों का एक नया वीडियो पोस्ट किया है। व्हाइट हाउस के आधिकारिक पेज पर पोस्ट किए गए 41 सेकंड के इस वीडियो में देखा जा सकता है कि डिपोर्ट किए जाने वाले प्रवासियों को तैयार किया जा रहा है। डिपोर्ट किए जाने वाले एक प्रवासी को तैयार करते पुलिस अधिकारी को देखा जा सकता है।

अधिकारी प्रवासी शख्स को हथकड़ियां लगा रहा है। एयरपोर्ट पर हथकड़ियां और चेन रखी देखी जा सकती है। वीडियो में किसी शख्स का चेहरा नहीं दिखाया गया है, लेकिन वीडियो में देखा जा सकता है कि लोगों के हाथ और पैरों को चैन से बांधा गया। एक क्लिप में देखा जा सकता है कि एक शख्स प्लेन में चढ़ रहा है। उसके पैरों में बेड़ियां बंधी हुई है।

कुछ दिनों पहले अमेरिकी सैन्य विमान से 112 अप्रवासी भारतीयों को डिपोर्ट किया गया। ट्रंप शासन में वापस भेजे अवैध प्रवासी भारतीयों का यह तीसरा जत्था है। इससे पहले दूसरे खेप में 116 लोगों को और पहले जत्थे में 104 लोगों को अमेरिका से भारत भेजा गया।

# सिद्दारमैया को मिली बड़ी राहत, MUDA Land Scam केस में लोकायुक्त ने दी क्लीन चिट



नई दिल्ली (एजेंसी)। कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्दारमैया को मैसूर अर्बन डेवलपमेंट अथॉरिटी यानी मुडा लैंड स्कैम केस में एंटी करप्शन वॉचडॉग लोकायुक्त की तरफ से क्लीन चिट मिल गई है।

ये मामला मुआवजा के लिए हुए सिद्दारमैया की पत्नी को हुए भूमि आवंटन में कथित गड़बड़ी की शिकायत के बाद सामने आया था। एंटी करप्शन एक्टिविस्ट ने आरोप लगाया था कि इस गड़बड़ी के कारण राज्य को करीब 45 करोड़ रुपये का नुकसान हुआ था।

सिद्धारमैया के खिलाफ कोई सबूत नहीं- लोकायुक्त ने कहा कि इस मामले में सिद्दारमैया के खिलाफ कोई सबूत नहीं मिले हैं। बता दें कि पिछले साल एंटी करप्शन एक्टिविस्ट स्नेहमयी कृष्णा ने राज्यपाल थावरचंद गहलोत को पत्र लिखकर मुकदमा चलाने की मांग की थी। लोकायुक्त ने शिकायतकर्ता को दिए नोटिस में कहा है कि सिद्दारमैया और दूसरे आरोपियों के खिलाफ आरोप साबित करने के लिए कोई सबूत ही नहीं हैं। स्नेहमयी कृष्णा को जवाब दाखिल करने के लिए एक सप्ताह का समय दिया गया है। इसके बाद मामले में लोकायुक्त फाइनल रिपोर्ट जारी करेगा।

क्या है मुडा लैंड स्कैम- आरोप है कि सिद्दारमैया की पत्नी को मैसूर के एक पॉश इलाके में प्रतिपूरक साइटें आवंटित की गईं, जिनकी संपत्ति का मूल्य उनकी भूमि के स्थान की तुलना में अधिक था, जिसे मैसूर शहरी विकास प्राधिकरण द्वारा अधिग्रहीत किया गया था।

MUDA ने पार्वती को उनकी 3.16 एकड़ भूमि के बदले 50-50 अनुपात योजना के तहत भूखंड आवंटित किए थे, जहां इसने एक आवासीय लेआउट विकसित किया था। 3.16 एकड़ जमीन पर पार्वती का कोई कानूनी अधिकार नहीं था।

# गलतफहमी में ना रहें, अदालत में बहस के दौरान वकील ने लिया हरीश साल्वे का नाम तो भड़क उठे जज



नई दिल्ली (एजेंसी)। उच्चतम न्यायालय ने बुधवार को एक वकील द्वारा एक मामले में इस आधार पर स्थगन की मांग करने पर कड़ी आपत्ति जताई कि एक वरिष्ठ वकील मामले पर बहस करेगा।

पीठ ने वकील को जमकर फटकारा- न्यायमूर्ति अभय एस ओका और न्यायमूर्ति उज्जल भुइयां की पीठ ने उस वकील को फटकार लगाई, जिसने एक कोमर्शियल विवाद से संबंधित मामले को स्थगित करने की मांग की थी।

वकील ने अदालत से मामले को चार सप्ताह के लिए स्थगित करने का अनुरोध करते हुए कहा कि वरिष्ठ वकील हरीश साल्वे इस मामले पर बहस करेंगे। वकील ने कहा कि साल्वे विदेश में हैं और उनके लौटने के बाद मामले पर भौतिक रूप से बहस करेंगे।

सुप्रीम कोर्ट ने जताई कड़ी आपत्ति- वकील की इस बात पर सर्वोच्च न्यायालय ने कड़ी आपत्ति जताते हुए कहा, क्या आप इस धारणा में हैं कि यदि आप किसी वरिष्ठ वकील का नाम लेंगे तो हम मामले को स्थगित कर देंगे?

शीर्ष अदालत ने कहा, बार में वकीलों की यह प्रवृत्ति बंद होनी चाहिए। हम सिर्फ इसलिए मामले को स्थगित नहीं करने जा रहे हैं क्योंकि आप किसी वरिष्ठ वकील का नाम लेते हैं।

# भारत में सभी लोग हिंदू, इस्लाम तो अरब का धर्म, IAS नियाज खान ने दिया बड़ा बयान



अलग-अलग हो, लहू तो एक ही है। सभी एक संस्कृति का हिस्सा रहे हैं। अगर जो मुस्लिम अरब के लोगों को आदर्श मानते हैं वो पुनर्विचार करें। सर्वप्रथम हिंदुओं को अपना भाई माने, बाद में अरब को- IAS नियाज खान।

नई दिल्ली (एजेंसी)। मध्य प्रदेश के आईएएस अधिकारी नियाज खान एक बार फिर से अपने सोशल मीडिया पोस्ट को लेकर चर्चा में हैं। इस बार नियाज खान ने धर्म से जुड़े मामले को लेकर टिप्पणी की है और कहा, भारत में सभी लोग हिंदू थे, इस्लाम धर्म अरब देशों से आया है।

आईएएस अफसर नियाज खान ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट किया और लिखा, इस्लाम तो अरब का धर्म है, यहां तो सभी हिंदू। हिंदू से लोग मुस्लिम बनाए गए थे, इसलिए भले ही धर्म

अपने पोस्ट को लेकर सफाई देते हुए नियाज खान ने कहा कि मैंने जो भी बातें कही है, वो वैज्ञानिक आधार पर कही है। भारत में रहने वाले सभी लोग हिन्दू हैं, चाहें तो इस बात को साबित कराने के लिए जीन्स की जांच करा ली जाए। उन्होंने कहा कि, मुझे फतवों से डर नहीं लगता है, जिसे समझ नहीं है वो पढ़ाई लिखाई करें। द कश्मीर फाइल्स फिल्म जब रिलीज हुई थी, उस वक्त भी नियाज खान ने विवादित ट्वीट किया था। इसके बाद शासन ने उन्हें कारण बताओं नोटिस जारी किया था।

# माता-पिता पर जोक मारने के बाद रणवीर ने कंटेस्टेंट को..., शो में मौजूद दर्शक ने अंदर की बात का किया खुलासा




नई दिल्ली (एजेंसी)। समय रैना का यूट्यूब शो इंडियाज गॉट लैटेंट को लेकर सोशल मीडिया से लेकर कोर्ट तक चल रहे विवाद के बीच एक शख्स का वीडियो काफी ज्यादा वायरल हो रहा है, जिसमें वो उस एपिसोड का सच बता रहा है, जिसे लेकर विवाद हो रहा है। शो में रणवीर इलाहाबादिया की अश्लील टिप्पणी के बाद उनके खिलाफ कई केस दर्ज हुए हैं और महिला आयोग ने भी पूछताछ के लिए यूट्यूबर को समन भेजा है। इस बीच इंडियाज गॉट लैटेंट के विवादित एपिसोड में मौजूद दर्शक मोहित खुबानी ने बताया कि आखिर वहां क्या हुआ था।

सोशल मीडिया पर एक वीडियो शेयर कर मोहित ने खुलासा किया, मैं उस एपिसोड में मौजूद था और मुझे पता है कि वहां क्या हुआ। मैं दर्शकों में था। वह कंटेस्टेंट आया, बकवास बातें हुई, रणवीर ने वह जोक कहा। वह जोक कहने के बाद रणवीर ने उस कंटेस्टेंट को 3-4 बार सॉरी बोला।

मोहित ने वीडियो में आगे कहा, मैं जानता हूं कि सॉरी से सब कुछ ठीक नहीं हो जाता है। लेकिन फिर भी कम से कम वह यह जरूर ध्यान रख रहे थे कि उस कंटेस्टेंट को बुरा तो नहीं लगा। उस जोक के बाद भी उस कंटेस्टेंट से थोड़ देर और बात की। समय ने भी उससे कहा कि, क्या आप ठीक हैं...। इन सब चीजों के बाद उसी कंटेस्टेंट ने शो भी जीता।

वहां मौजूद दर्शक मोहित ने वीडिया में आगे ये भी बताया कि, उस कंटेस्टेंट ने जब शो जीता तो सभी लोग जश्न मनाने गए और रणवीर ने उसे गले लगाकर बोला कि भाई तुम ठीक हो? आप अच्छे लग रहे हो। सॉरी, अगर आपको वो मजाक के लिए बुरा लगा हो। समय ने भी बोला, तुमने किल कर दिया भाई, क्रेजी।

दर्शक मोहित ने कहा, तो मैं बस यही बोल रहा हूं कि यार, बिना बात के नफरत मत फैलाओं। मोहित के वीडियो डालने के बाद अब काफी लोग रणवीर इलाहाबादिया के सपोर्ट में भी आ गए हैं। एक यूजर ने लिखा, नफरत फैलाने वाले लोगों को यह बात जानने की बहुत जरूरत है।

# मैटरनिटी अस्पताल में चेकअप करा रहीं महिलाओं का बनाया जा रहा था वीडियो, 3 संदिग्ध गिरफ्तार




नई दिल्ली (एजेंसी)। गुजरात के राजकोट में पायल मैटरनिटी अस्पताल में चेकअप के लिए आने वाली महिला मरीजों के संवेदनशील वायरल वीडियो के मामले में अहमदाबाद साइबर क्राइम 3 संदिग्ध को गिरफ्तार किया है।

साइबर क्राइम की टीम ने दो संदिग्ध प्रग्नेश पाटिल और प्रज्वल टेली को महाराष्ट्र के सांगली और लातूर से गिरफ्तार किया है। एक अन्य संदिग्ध को उत्तर प्रदेश में पकड़ा गया। इसके अलावा, सात और व्यक्तियों से पूछताछ की जा रही है।

क्राइम ब्रांच के मुताबिक, गिरफ्तार किए गए संदिग्ध यूट्यूब और टेलीग्राम चैनलों पर महिलाओं के वीडियों को बेचकर मोटी कमाई कर रहे थे।

क्या है पूरा मामला- दरअसल पायल मैटरनिटी अस्पताल में जांच कराने वाली महिला मरीजों के निजी वीडियो वायरल सोशल मीडिया पर अपलोड किए जा रहे थे। इस मामले में राजकोट साइबर क्राइम के अधिकारियों सहित एक टीम पायल अस्पताल पहुंची, जांच की और आवश्यक साक्ष्य जब्त किए।

पायल मैटरनिटी अस्पताल के जांच विभाग में महिलाओं की गोपनीयता बनाए रखने के लिए सीसीटीवी लगाया गया था। उसके जरिए चेकअप के वीडियो बनाए गए और उन्हें बिक्री के लिए सोशल मीडिया साइटों पर पोस्ट किया गया। इससे भारी हंगामा मच गया। यह भी जानकारी सामने आई है कि ये सभी वीडियो मेघा एमबीबीएस यूट्यूब और टेलीग्राम पर बिक्री के लिए डाले गए थे।

क्या हैं चिंताएं- अहमदाबाद साइबर क्राइम को इस बात का भी शक है कि पूरे देश में और भी ऐसे कई रैकेट हो सकते हैं जो मैटेरनिटी अस्पताल में जांच या इलाज के लिए जा रही महिलाओं के संवेदनशील वीडियो रिकॉर्ड कर उसे सोशल मीडिया पर अपलोड कर देते हैं।

ये वीडियो कैसे लीक हुए? क्या ये वीडियो अस्पताल के कर्मचारियों द्वारा लीक किये गये हैं? साइबर क्राइम ब्रांच इस मामले की जांच कर रही है।

# परिवार संग पीएम मोदी से मिले ऋषि सुनक, भारत-ब्रिटेन संबंधों पर हुई चर्चा



नई दिल्ली (एजेंसी)। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मंगलवार को पूर्व ब्रिटिश प्रधानमंत्री ऋषि सुनक से मुलाकात की और उन्हें भारत का महान मित्र बताकर उनकी प्रशंसा की। पीएम मोदी ने एक्स पर एक पोस्ट के जरिए ऋषि सुनक और उनके परिवार से मिलने की खुशी जताई।

प्रधानमंत्री ने कहा कि इस मुलाकात के दौरान उन्होंने कई महत्वपूर्ण और विविध विषयों पर शानदार बातचीत की। उन्होंने एक्स पर लिखा कि भारत और ब्रिटेन के बीच संबंधों को और मजबूत बनाने के लिए उत्सुक हैं।

उन्होंने यह भी कहा कि सुनक का भारत के प्रति स्नेह और सहयोग की भावना हमेशा मजबूत रही है और दोनों देशों के रिश्तों में यह मुलाकात एक महत्वपूर्ण कदम साबित हो सकती है। इससे पहले वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने ऋषि सुनक से मुलाकात की। इस मुलाकात में दोनों नेताओं ने बाजार आधारित वित्तीय संबंधों को मजबूत करने और आर्थिक विकास को बढ़ावा देने के लिए नए रास्तों पर चर्चा की।

वित्त मंत्रालय ने अपनी इंटरनेट मीडिया पोस्ट में कहा कि इस बैठक में दोनों नेताओं ने वित्तीय सहयोग को बढ़ावा देने के संभावित उपायों पर विचार किया। मंत्री निर्मला सीतारमण ने इस दौरान जी7 एजेंडे के तहत ग्लोबल साउथ (विकसित देशों) के लिए साझा हितों पर चर्चा की और राष्ट्रमंडल के माध्यम से इन मुद्दों को आगे बढ़ाने के महत्व को रेखांकित किया।

इससे पहले सुनक परिवार के साथ 15 फरवरी को ताजमहल का दीदार किया था। सुनक ने 17 फरवरी को दिल्ली में विदेश मंत्री एस जयशंकर से मुलाकात की थी।

दैनिक हिन्दकुश
hindkush.in
24x7 News portal
सर्वे भवन्तु सुखिनः
उज्जैन, इंदौर, भोपाल से प्रकाशित
हिन्दकुश मीडिया
jagrayam.com
online news magazine
hindkushmedia@gmail.com
jagrayam@gmail.com

मानव जीवन में सदैव उतार-चढाव आता है व्यक्ति को कभी इससे घबराना नहीं चाहिए।
पं. श्रीराम शर्मा आचार्य

हिन्दकुश

हिन्द : भारत कुश : पवित्र तृण

सर्वे भवन्तु सुखिनः सर्वे सन्तु निरामयाः सर्वे भद्राणि पश्यन्तु मा कश्चिद् दुःख भागभवेत्
सभी सुखी हो, सभी निरोगी रहे, सभी का शुभ हो, कोई भी दुखी न हो।



विक्रम संवत 2079 फाल्गुन सप्तमी

## संपादकीय

# दुनियाँ के हर देश को सुद्धड़ व अनुकूल विकसित बनाने के लिए वित्त की आवश्यकता होती है




वैश्विक स्तरपर दुनियाँ के हर देश को सुद्धड़ व अनुकूल विकसित बनाने के लिए वित्त की आवश्यकता होती है, जिसमें एक छोटी सी सुई से लेकर हवाई जहाज के तुल्य तक कार्य हो सकते हैं,परंतु वित्त से भी आवश्यक इसका प्रबंधन है,अगर प्रबंधन, द्रुसुशासन नहीं रहा हैं तो विकास कार्य पटरी से उत्तर जाएगा व कुछ सीमित धनाट्यों के हाथों में चला जाएगा, इसलिए वित्त प्रबंधन व उसकी निगरानी करना अति आवश्यकहै।विकसित भारत में भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) का अहम् रोल है जिससे मैं अच्छे से जानता हूं,क्योंकि मैंने एलएलबी एलएलएम के साथ सीए (एटीसी) भी किया है इसलिए सेबी कानून प्रक्रिया व विनियमन को भली भांति समझ सकता हूं। सामान्य सेबी भारत में प्रतिभूति बाजार के प्रबंधन के लिए जिम्मेदार सबसे महत्वपूर्ण विनियामक निकायों में से एक है। सेबी की स्थापना प्रतिभूति बाजार में निवेश करने वाले निवेशकों के हितों को संरक्षित करने और प्रतिभूति बाजारके विकास और वृद्धि को प्रोत्साहित करने के इरादे से की गई थी ।साथ ही, बोर्ड को यह सुनिश्चित करना होगा कि सभी बाजार भागीदार निर्धारित मानदंडों का अनुपालनकरें।सेबी को उन बाजार प्रतिभागियों पर जुर्माना लगाने का अधिकार दिया गया है जो नियमों और विनियमों का अनुपालन नहीं कर रहे हैं।भारत में प्रतिभूति और वित्त का नियामक बोर्ड है। इसकी स्थापना 12 अप्रैल 1988 में हुई तथा सेबी अधिनियम 1992 के तहत वैधानिक मान्यता 30 जनवरी 1992 को प्राप्त हुई।सेबी का मुख्यालय मुंबई में बांद्रा कुर्ला परिसर के व्यावसायिक जिले में हैं और क्रमशः नई दिल्ली, कोलकाता, चेन्नई और अहमदाबाद में उत्तरी, पूर्वी, दक्षिणी व पश्चिमी क्षेत्रीय कार्यालय हैं।आज हम इस विषय पर चर्चा इसलिए कर रहे हैं क्योंकि दिनांक 17 फरवरी 2025 को सेबी ने,मौजूदा ग्राहकों के लिए अब निवेश सलाहकार और रिसर्च एनालिस्ट अपने मौजूदा ग्राहकों को एमआईटीसी की जानकारी सिर्फ ईमेल या किसी अन्य सुरक्षित डिजिटल माध्यम से भेज सकते हैं। एमआईटीसी की जानकारी 30 जून 2025 तक सभी मौजूदा ग्राहकों को भेजनी होगी। अब फिजिकल या डिजिटल सिग्नेचर की जरूरत नहीं होगी। इसलिए आज हम मीडिया में उपलब्ध जानकारी के सहयोग से इस आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे,शेयर मार्केट में इन्वेस्ट करने वाले निवेशकों के हितों को सुरक्षित करने वह शेयर मार्केट के विकास वृद्धि को प्रोत्साहित करने में सेबी का हम योगदान है।

साथियों बात अगर हम सेबी द्वारा नियमों में बदलाव की करें तो, निवेश सलाहकारों (आईए) और शोध विश्लेषकों (आरए) के लिए यह अनिवार्य बना दिया है कि वे मोस्ट इम्पोर्टेंट टर्म्स ऐंड कंडीशंस' (एमआईटीसी) के तौर पर जाने जाने वाले नियम और शर्तों (टीऐंडसी) का खुलासा करेंगे और उन पर ग्राहकों की सहमति लेंगे। ये अहम नियम और शर्तें दो पृष्ठ का दस्तावेज है, जिसे सेबी ने आईए और आरए के संबंधित उद्योग मानक संगठनों के सहयोग से मानक रूप दिया है। निवेश सलाहकारों को 30 जून तक इन नियमों और शर्तों के बारे में क्लाइंटों को बताना होगा।नए करारों में नई शर्तों को शामिल करना जरूरी है।

इसके अलावा, एमआईटीसी ने शिकायतों के मामले में ग्राहकों के लिए स्पष्ट कदम सुझाए हैं। इनमें सेबी के स्कोर्स पोर्टल या ऑनलाइन विवाद समाधान (ओडीआर) वेबसाइट पर शिकायत को आगे बढ़ाना (यदि समाधान असंतोषजनक रहता है) शामिल है। दिशा-निर्देशों में यह भी बताया गया है कि निवेश सलाहकार सिर्फ परामर्श सेवाओं के लिए भुगतान स्वीकार कर सकते हैं।

# विश्व सामाजिक न्याय दिवस




विश्व सामाजिक न्याय दिवस प्रत्येक वर्ष सम्पूर्ण विश्व में 20 फ़रवरी को मनाया जाता है। यह दिवस विभिन्न सामाजिक मुद्दों, जैसे- बहिष्कार, बेरोजगारी तथा ग़रीबी से निपटने के प्रयासों को बढ़ावा देने के लिए मनाया जाता है। इस अवसर पर विभिन्न संगठनों, जैसे- संयुक्त राष्ट्र एवं अंतरराष्ट्रीय श्रम संगठन द्वारा लोगों से सामाजिक न्याय हेतु अपील जारी की जाती है। संयुक्त राष्ट्र के अनुसार, सामाजिक न्याय देशों के मध्य समृद्ध और शांतिपूर्ण सहअस्तित्व के लिए एक अंतर्निहित सिद्धांत है। सामाजिक न्याय का अर्थ है- लिंग, आयु, धर्म, अक्षमता तथा संस्कृति की भावना को भूलकर समान समाज की स्थापना करना।

### मनाने की पहल

संयुक्त राष्ट्र महासभा द्वारा 2007 में इस दिवस की स्थापना की गयी। इसके तहत वैश्विक सामाजिक न्याय विकास सम्मेलन आयोजित कराने तथा 24वें महासभा सत्र का आह्वान करने की घोषणा की गयी। इस अवसर पर यह घोषणा की गयी कि 20 फ़रवरी को प्रत्येक वर्ष विश्व न्याय दिवस मनाया जायेगा। प्रत्येक वर्ष विभिन्न कार्यों एवं क्रियाकलापों का आयोजन किया जायेगा। संयुक्त राष्ट्र ने कहा कि- ÷इस दिवस पर अंतरराष्ट्रीय समुदाय को ग़रीबी उन्मूलन के लिए कार्य करना चाहिए। सभी स्थानों पर लोगों के लिए सभ्य काम एवं रोजगार की उपलब्धता सुनिश्चित की जानी चाहिए तभी सामाजिक न्याय संभव है।

समाज में फैली भेदभाव और असमानता की वजह से कई बार हालात इतने बुरे हो जाते हैं कि मानवाधिकारों का हनन भी होने लगता है। इसी तथ्य को ध्यान में रखकर संयुक्त राष्ट्र संघ ने 20 फ़रवरी को विश्व सामाजिक न्याय दिवस के रूप में मनाने का निर्णय लिया। सन 2009 से इस दिवस को पूरे विश्व में सामाजिक न्याय को बढ़ावा देने वाले कार्यक्रमों के माध्यम से मनाया जाता है। रोटी, कपड़ा, मकान, सुरक्षा, चिकित्सा, अशिक्षा, ग़रीबी, बहिष्कार और बेरोजगारी जैसे मुद्दों से निपटने के प्रयासों को बढ़ावा देने की ज़रूरत को पहचानने के लिए विश्व सामाजिक न्याय दिवस मनाने की शुरूआत की गयी है। अन्तर्राष्ट्रीय बाल आपातकालीन कोष (यूनिसेफ) की एक ताजा रिपोर्ट के अनुसार दुनिया में तीन करोड़ बच्चे युद्ध या अन्य कारणों से पैदा होने वाले संकटों की वजह से शिक्षा नहीं ले पाते हैं। हाल के एक सर्वेक्षण के अनुसार मध्य अफ्रीकी गणराज्य में लगभग एक तिहाई स्कूलों को या तो गोलियों से छलनी किया गया था या आग लगाई गई अथवा लूटा या सशस्त्र समूहों द्वारा क़ब्ज़ा कर लिया गया। यूनिसेफ के वैश्विक शिक्षा कार्यक्रम के प्रमुख जोसफिन बॉर्न, ने कहा- आपात स्थिति के माध्यम से रहने वाले बच्चों के लिए, शिक्षा एक जीवन रेखा है।

### अभिभावकों की गलत धारणा

हाल ही में संयुक्त राष्ट्र संघ ने बालिकाओं के बारे में कुछ चौकाने वाले आँकड़े प्रस्तुत किए। इन आँकड़ों के अनुसार भारत की आबादी में 50 मिलियन बालिकाएँ व महिलाओं की गिनती ही नहीं है। प्रत्येक वर्ष पैदा होने वाली 12 मिलियन लड़कियों में से 1 मिलियन अपना पहला जन्मदिन नहीं देख पाती हैं। 4 वर्षों से कम आयु की बालिकाओं की मृत्यु दर बालकों से अधिक है। 5 से 9 वर्षों की 53 प्रतिशत बालिकाएँ अनपढ़ हैं। 4 वर्षों से कम आयु की बालिकाओं में 4 में से 1 के साथ दुर्व्यवहार होता है। प्रत्येक 6ठीं बालिका की मृत्यु लिंग भेद के कारण होती है। इस सबके पीछे मुख्य कारण अभिभावकों की यह गलत धारणा भी है कि लड़कों से ही उनका वंश आगे बढ़ता है।

### विश्व में सामाजिक न्याय का सपना

आज 4 में से 1 बालक ग़रीबी, कुपोषण, अशिक्षा, बढ़ती हुई हिंसा, असुरक्षा और भेदभाव का शिकार हैं। 11 सितम्बर, 2001 को हुए न्यूयार्क के वर्ल्ड ट्रेड सेन्टर पर आतंकवादी हमले के पश्चात् अन्तर्राष्ट्रीय आतंकवाद आज मानव सभ्यता का सबसे घातक शत्रु बन गया है। अन्तर्राष्ट्रीय आतंकवाद पूरे संसार में फैली अराजकता का ही दुष्परिणाम है। यह एक ऐसी गम्भीर स्थिति है जहाँ लोग हिंसात्मक और विध्वंसकारी गतिविधियों द्वारा अपनी शिकायतों या दुखों का काल्पनिक समाधान खोजते हैं और इनके लिए वे व्यवस्था को दोषी ठहराते हैं। इंसान एक सामाजिक प्राणी माना जाता है। लेकिन इंसान की इस मुख्य विशेषता को तब चुनौती मिलती है, जब भेदभाव की वजह से एक इंसान दूसरे इंसान से जाति, रंग, धर्म, भाषा, प्रदेश, राष्ट्र, लिंग आदि के कारण नफरत करता है। समाज में फैले इस भेदभाव का एक बहुत बड़ा नुकसान उस समय नजर आता है, जब समाज में इससे हमारी न्याय व्यवस्था पर भी प्रभाव पड़ता है।

### सामाजिक न्याय का अर्थ

समाज में हर तबका एक अलग महत्व रखता है। कई बार समाज की संरचना इस प्रकार होती है कि आर्थिक स्तर पर भेदभाव हो ही जाता है। ऐसे में न्यायिक व्यवस्था पर भी इसका असर पड़े, यह सही बात नहीं है। समाज में फैली असमानता और भेदभाव से सामाजिक न्याय की मांग और तेज हो जाती है। सामाजिक न्याय के बारे में कार्य और उस पर विचार तो बहुत पहले से शुरू हो गया था, लेकिन दुर्भाग्य से अभी भी विश्व के कई लोगों के लिए सामाजिक न्याय सपना बना हुआ है। सामाजिक न्याय का अर्थ निकालना बेहद मुश्किल कार्य है। सामाजिक न्याय का मतलब समाज के सभी वर्गों को एक समान विकास और विकास के मौकों को उपलब्ध कराना है। सामाजिक न्याय यह सुनिश्चित करता है कि समाज का कोई भी शख्स वर्ग, वर्ण या जाति की वजह से विकास की दौड़ में पीछे न रह जाए। यह तभी संभव हो सकता है जब समाज से भेदभाव को हटाया जाए।

### भारत में सामाजिक न्याय के प्रयास

सामाजिक न्याय के संदर्भ में जब भी भारत की बात होती है तो हम पाते हैं कि हमारे संविधान की प्रस्तावना और अनेकों प्रावधानों के द्वारा इसे सुनिश्चित करने की बात कही गई है। भारत में फैली जाति प्रथा और इस पर होने वाला स्वार्थपूर्ण भेदभाव सामाजिक न्याय को रोकने में एक अहम कारक सिद्ध होता है। भारत में राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग, राष्ट्रीय महिला एवं बाल विकास आयोग जैसी कई सरकारी तंत्र एवं लाखों स्वयं सेवी संगठन हमेशा इस बात की कोशिश करते हैं कि समाज में भेदभाव से कोई आम इंसान पीड़ित न हो। भारत में आज भी कई लोग अपनी कई मूल जरुरतों के लिए न्याय प्रकिया को नहीं जानते जिसके अभाव में कई बार उनके मानवाधिकारों का हनन होता है और उन्हें अपने अधिकारों से वंचित रहना पड़ता है। आज भारत में अशिक्षा, ग़रीबी, बेरोजगारी, महंगाई और आर्थिक असमानता ज्यादा है। इन्हीं भेदभावों के कारण सामाजिक न्याय बेहद विचारणीय विषय हो गया है।

### लक्ष्य

यूनेस्को के शान्ति शिक्षा पुरस्कार एवं 'गिनीज बुक ऑफ़ रिकार्ड' में नामित, वर्तमान में लगभग 50,000 छात्र संख्या वाले सिटी मोन्टेसरी स्कूल का लक्ष्य सामाजिक न्याय के तहत विश्व के दो अरब से अधिक बच्चों को सुरक्षित भविष्य का अधिकार दिलाना है, जो कि सम्पूर्ण विश्व में 'एकता व शान्ति' की स्थापना से ही संभव है। न्यूयार्क स्थित संयुक्त राष्ट्र मुख्यालय में 27 से 29 अगस्त, 2014 तक 'द रोल ऑफ सिविल सोसाइटी इन पोस्ट 2015 डेवलपमेन्ट एजेण्डा' विषय पर आयोजित हुए संयुक्त राष्ट्र संघ के 65वें वार्षिक सम्मेलन में मैं अपनी बेटी व विद्यालय की चीफ ऑपरेटिंग ऑफिसर प्रो. गीता गाँधी किंगडन के साथ प्रतिभाग किया।

# कितनी रहेगी भारत की जीडीपी ग्रोथ, SBI की रिपोर्ट से मिला जवाब



नई दिल्ली (एजेंसी)। स्टेट बैंक ऑफ इंडिया ने अपनी एक रिसर्च रिपोर्ट में कहा है कि मौजूदा वित्त वर्ष 2024-25 के दौरान भारत की सकल घरेलू उत्पाद वृद्धि 6.3 फीसदी रहने का अनुमान है। एसबीआई के मुताबिक, अगर राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय अपने पहले और दूसरे तिमाही के अनुमानों में बड़े संशोधन करता है, तभी ग्रोथ में कोई बदलाव देखने को मिलेगा।

तीसरी तिमाही में कितनी रहेगी जीडीपी ग्रोथ- SBI ने 36 हाई-फ्रीक्वेंसी इंडिकेटर्स का एनालिसिस करके अपनी रिपोर्ट तैयार की है। विश्लेषण करते हुए, स्क्क्ष्ह्व ने अनुमान लगाया है कि वर्तमान वित्तीय वर्ष की तीसरी तिमाही में त्नष्ठक्क वृद्धि 6.2त्न से 6.3त्न के बीच हो सकती है।

राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय के अनुसार, 2024-25 के लिए वास्तविक (Real) GDP वृद्धि दर 6.4 फीसदी और नाममात्र GDP वृद्धि दर 9.7 फीसदी रहने का अनुमान है।

ग्रामीण अर्थव्यवस्था बनी स्थिरता का आधार- SBI की रिपोर्ट में कहा गया है कि मजबूत ग्रामीण अर्थव्यवस्था समग्र आर्थिक स्थिरता बनाए रख रही है। इससे अन्य क्षेत्रों की गति को बनाए रखने में मदद मिल रही है। साथ ही, मुद्रास्फीति घट रही है, जो लोगों रो अधिक विवेकाधीन खर्च के लिए प्रोत्साहित कर रही हैं। इससे मांग-आधारित आर्थिक वृद्धि को बल मिल रहा है।

एसबीआई की रिपोर्ट में यह भी उल्लेख किया गया है कि मौजूदा वित्त वर्ष की तीसरी तिमाही में पूंजीगत व्यय में सुधार के संकेत मिल रहे हैं।

वैश्विक अनिश्चितता का क्या प्रभाव- 2024 के कैलेंडर वर्ष की तीसरी तिमाही में भू-राजनीतिक घटनाक्रमों और सप्लाई चेन में व्यवधान के कारण वैश्विक स्तर पर आर्थिक मंदी देखी गई। इस मंदी का असर केवल भारत पर ही नहीं, बल्कि अन्य देशों पर भी पड़ा। हालांकि, इन चुनौतियों के बावजूद, भारत दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्थाओं में से एक बना रहा।

## 8 वाले शेयर में आई गजब की तेजी, सहमे हैं एक्सपर्ट, 5 का दिया टारगेट प्राइस



नई दिल्ली (एजेंसी)। बाजार में सुस्ती के बीच टेलीकॉम सेक्टर की दिग्गज कंपनी- वोडाफोन आइडिया के शेयर पर निवेशक टूट पड़े। सप्ताह के तीसरे कारोबारी दिन बुधवार को जीएसटी पेमेंट के खिलाफ कंपनी के कड़े खंडन के बाद वोडाफोन आइडिया के शेयर की कीमत लगभग 4% बढ़ गई। बीएसई पर वोडाफोन आइडिया के शेयर 3.96% बढ़कर 8.39 प्रति शेयर पर पहुंच गए। बीते साल नवंबर 2024 में यह शेयर 6.60 रुपये के निचले स्तर पर था। वहीं, जून 2024 में शेयर की कीमत 19.15 रुपये थी। यह शेयर के 52 हफ्ते का क्रमश लो और हाई है। वोडाफोन आइडिया को केंद्रीय वस्तु एवं सेवा कर (सीजीएसटी) अधिनियम, 2017 के तहत 18 फरवरी को एक ऑर्डर प्राप्त हुआ है, जिसमें जुर्माना और ब्याज का भुगतान करना आवश्यक है। सीजीएसटी अधिनियम की धारा 73 के तहत जारी आदेश के मुताबिक यह मामला वित्तीय वर्ष 2020-21 के लिए इनपुट टैक्स क्रेडिट से संबंधित है। इसके तहत 97 लाख का जुर्माना लगाया गया है। हालांकि, वोडाफोन आइडिया ने जीएसटी नोटिस में किए गए दावों का खंडन किया है और कहा कि वह उचित कदम उठाएगी। बता दें कि वोडाफोन आइडिया कर्ज में डूबी कंपनी है।

## अनिल अंबानी के नए प्लान से रॉकेट बना यह शेयर, BSE ने पूछा- मामला क्या है?




नई दिल्ली (एजेंसी)। शेयर बाजार में सुस्ती के बीच अनिल अंबानी की कंपनी रिलायंस इंफ्रास्ट्रक्चर के शेयरों पर निवेशक टूट पड़े। ट्रेडिंग के दौरान इस शेयर में 6% की बढ़ोतरी हुई और भाव 263.60 रुपये तक जा पहुंचा। कारोबार के आखिरी घंटे में मुनाफावसूली हुई और शेयर का भाव 256.20 रुपये पर बंद हुआ। हालांकि, एक दिन पहले के मुकाबले 2.97त्न की तेजी रही।

दरअसल, रिलायंस इंफ्रा के नए कारोबार में एंट्री की खबरें चल रही हैं। इन खबरों का असर शेयर पर पड़ा है। इस बीच, बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज यानी बीएसई ने मीडिया में चल रही खबरों को लेकर रिलायंस इंफ्रा से स्पष्टीकरण मांगा है।

मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक रिलायंस इंफ्रास्ट्रक्चर अपने पोर्टफोलियो का विस्तार करने के लिए नवीकरणीय ऊर्जा उपकरण विनिर्माण क्षेत्र में कदम रखने जा रही है। उद्योग सूत्रों ने यह जानकारी दी। सूत्रों ने बताया कि कंपनी ने पहले ही इवान साहा को नवीकरणीय ऊर्जा विनिर्माण खंड का और मुश्ताक हुसैन को बैटरी विनिर्माण खंड का मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) नियुक्त कर दिया है। कंपनी भारत में सौर पैनल और कलपुर्जों के उत्पादन को बढ़ावा देने तथा स्वच्छ ऊर्जा में आत्मनिर्भरता के उद्देश्य से एक एकीकृत सौर विनिर्माण इकाई स्थापित करेगी। बता दें कि रिलायंस इंफ्रास्ट्रक्चर बिजली, सड़क, मेट्रो रेल और अन्य बुनियादी ढांचा क्षेत्रों के लिए इंजीनियरिंग और निर्माण सेवाएं प्रदान करने के कारोबार में है।

रिलायंस समूह की एक अन्य कंपनी रिलायंस पावर ने पहले ही नवीकरणीय ऊर्जा उत्पादन क्षेत्र में विस्तार योजनाओं की घोषणा कर दी है। इसकी अनुषंगी कंपनी रिलायंस एनयू एनर्जीज प्राइवेट लिमिटेड ने मयंक बंसल को सीईओ और राकेश स्वरूप को मुख्य परिचालन अधिकारी (सीओओ) नियुक्त किया है।

## डिफेंस स्टॉक अचानक 13% उछला, रक्षा मंत्रालय से मिली है कंपनी को पॉजिटिव खबर



नई दिल्ली (एजेंसी)। डिफेंस सेक्टर से जुड़ी कंपनी- अपोलो माइक्रो सिस्टम्स लिमिटेड को एक प्राइवेट कंपनी से ?12.07 करोड़ का ऑर्डर मिला है। इसके अलावा कंपनी को रक्षा मंत्रालय से 5.97 करोड़ रुपये के ऑर्डर के लिए सबसे कम बोली लगाने वाला घोषित किया गया है। इस खबर के बीच सप्ताह के तीसरे कारोबारी दिन शेयर पर निवेशक टूट पड़े। ट्रेडिंग के दौरान अपोलो माइक्रो सिस्टम्स के शेयर करीब 13त्न चढ़कर 120 रुपये पर पहुंच गए। बीते जनवरी महीने में शेयर 157 रुपये के स्तर तक गया था। अक्टूबर 2024 में शेयर की कीमत 88.10 रुपये थी। यह शेयर के 52 हफ्ते का हाई और लो है।

हाल ही में कंपनी ने बताया है कि उसकी ऑर्डर बुक मजबूत है। इससे कंपनी आगामी विकास और स्थिरता के लिए अनुकूल स्थिति में है। बता दें कि अपोलो माइक्रो सिस्टम्स हैदराबाद की लीडिंग कंपनी है। यह इलेक्ट्रॉनिक, इलेक्ट्रोमैकेनिकल और इंजीनियरिंग डिजाइन पर ध्यान केंद्रित करती है। हाल ही में अपोलो माइक्रो सिस्टम्स ने दिसंबर तिमाही के नतीजे जारी किए थे। कंपनी ने मुनाफे में 83त्न की वृद्धि दर्ज की, जो दिसंबर तिमाही में 18.24 करोड़ तक पहुंच गया।

## ट्रंप के टैरिफ से अमेरिका को होगा भारी नुकसान, सहयोगी देश भी हो जाएंगे बेहाल; भारत पर क्या होगा असर?




नई दिल्ली (एजेंसी)। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने रेसिप्रोकल टैरिफ का एलान किया है। इसमें अमेरिका सभी देशों पर उतना ही टैरिफ लगाएगा, जितना वे अमेरिकी उत्पादों पर लगाते हैं। इसका मतलब है कि भारत अगर अमेरिका के कृषि उत्पादों पर 10 फीसदी टैरिफ लगाता है। तो अमेरिका भी 10 फीसदी टैरिफ लगाएगा। अभीन तक अमेरिका के टैरिफ रेट आमतौर पर दूसरे देशों के मुकाबले काफी कर हैं।

हालांकि, ट्रंप की टैरिफ बढ़ाने की योजना का सबसे अधिक नुकसान अमेरिकी उपभोक्ताओं को ही होगा। यह दावा दिग्गज ग्लोबल बैंक स्टैंडर्ड चार्टर्ड की एक रिपोर्ट में किया गया है। इसके मुताबिक, आयातक बढ़े हुए टैरिफ लागत को अमेरिकी उपभोक्ताओं पर डाल देंगे। इससे निकट भविष्य में मुद्रास्फीति में वृद्धि होगी। साथ ही, मध्यम अवधि में आर्थिक वृद्धि को भी नुकसान होगा।

क्या कहती है स्टैंडर्ड चार्टर्ड की रिपोर्ट- स्टैंडर्ड चार्टर्ड की रिपोर्ट के मुताबिक, अमेरिका की विनिर्माण क्षमता और रोजगार बाजार पहले से ही तंग हैं; इसलिए अधिकांश टैरिफ बढ़ोतरी का बोझ उपभोक्ताओं पर पड़ेगा। हालांकि, ट्रंप की टैरिफ से अमेरिका में महंगाई कितनी बढ़ेगी, इसका आकलन टैरिफ रेट और अमेरिकी डॉलर की अन्य मुद्राओं के मुकाबले समायोजन पर निर्भर करेगा। साथ ही, इस फैक्टर पर भी नजर रखने की जरूरत होगी कि ट्रंप की रेसिप्रोकल टैरिफ से ग्लोबल ट्रेड की सप्लाई चेन पर क्या असर पड़ता है और दूसरे देश इस पर कैसी प्रतक्रिया देते हैं।

अमेरिकी जीडीपी को भारी नुकसान- अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने रेसिप्रोकल टैरिफ का एलान किया है। इसमें अमेरिका सभी देशों पर उतना ही टैरिफ लगाएगा, जितना वे अमेरिकी उत्पादों पर लगाते हैं। इसका मतलब है कि भारत अगर अमेरिका के कृषि उत्पादों पर 10 फीसदी टैरिफ लगाता है।

## 166 करोड़ रुपये का मिला ऑर्डर, शेयरों में तूफानी तेजी, बोनस शेयर बांट चुकी है कंपनी



नई दिल्ली (एजेंसी)। हेवी इलेक्ट्रिकल इक्विपमेंट इंडस्ट्री से जुड़ी कंपनी ट्रांसफॉर्मर्स एंड रेक्टिफायर्स के शेयरों में तूफानी तेजी आई है। ट्रांसफॉर्मर्स एंड रेक्टिफायर्स के शेयर बुधवार को 5 पर्सेंट के उछाल के साथ 385.90 रुपये पर पहुंच गए हैं। कंपनी के शेयरों में यह उछाल एक ऑर्डर मिलने के बाद आया है। ट्रांसफॉर्मर्स एंड रेक्टिफायर्स को सिंगल फेज कपलिंग ट्रांसफॉर्मर्स और TBCB प्रोजेक्ट्स के लिए सिंगल फेज की सप्लाई और मैन्युफैक्चरिंग के लिए मिला है। इस ऑर्डर की वैल्यू 166.45 करोड़ रुपये है।

ट्रांसफॉर्मर्स एंड रेक्टिफायर्स को यह ऑर्डर ह्योसुंग टीएंडडी इंडिया से मिला है। इस ऑर्डर की डिलीवरी अगले वित्त वर्ष में होनी है। हाल में कंपनी की इकाई TARIL स्विचगियर ने 245 kV हाई वोल्टेज बुशिंग्स लॉन्च किया है। इस साल अब तक ट्रांसफॉर्मर्स एंड रेक्टिफायर्स के शेयरों में 35 पर्सेंट से अधिक की गिरावट आई है। कंपनी के शेयर इस साल की शुरुआत में 1 जनवरी 2025 को 596.95 रुपये पर थे। कंपनी के शेयर 19 फरवरी 2025 को 385.90 रुपये पर पहुंच गए हैं।

दैनिक हिन्दकुश

hindkush.in
24x7 News portal

सर्वे भवन्तु सुखिनः
उज्जैन, इंदौर, भोपाल से प्रकाशित

jagrayam.com
online news magazine

ऑनलाईन संवाददाता/ब्यूरो प्रतिनिधि चाहिए

हिन्दकुश मीडिया

hindkushmedia@gmail.com
jagrayam@gmail.com

# महाकुंभ के आखिरी दिनों के लिए रेलवे ने कसी कमर



जबलपुर। महाकुंभ के दौरान सप्ताहांत और विशेष तिथियों पर प्रयागराज जाने वाले श्रद्धालुओं की संख्या काफी बढ़ जाती है। इसे देखते हुए अब जबलपुर रेल मंडल की ओर से नई तैयारी की गई है।

यात्रियों की भीड़ पर नियंत्रण के लिए 15 से अधिक अनारक्षित ट्रेन के रैक आरक्षित किए हैं। इसमें से छह सात रैक को किसी भी समय चलाने के लिए अलर्ट मोड पर रखा गया है। वहीं, प्रयागराज के लिए श्रद्धालुओं की संख्या अधिक होने पर एक दिन में 15 स्पेशल अनारक्षित ट्रेन को दौड़ाने की योजना बनाई गई है।

28 फरवरी तक तैनात रहेंगे अतिरिक्त कर्मचारी- स्टेशन एवं रेल परिचालन के सुचारू संचालन के लिए सप्ताहांत में की जाने वाली कर्मचारियों की अतिरिक्त तैनाती को अब 28 फरवरी तक के लिए स्थाई कर दिया गया है।

इस दौरान तीनों रेलवे स्टेशन के लिए आकस्मिक अधिकारी एवं कर्मचारी दल का गठन किया गया है, जिन्हें आवश्यकतानुसार तुरंत सेवा में लिया जाएगा।

महाशिवरात्री से पूर्व भीड़ बढ़ने का अनुमान- महाकुंभ इसी माह समाप्त हो रहा है। महाशिवरात्रि पर पर्व स्नान है। रेल प्रशासन का अनुमान है कि महाकुंभ समाप्त होने से पूर्व रेल यात्रियों की संख्या में वृद्धि हो सकती है। आसपास के जिलों से एक साथ बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के रेलवे स्टेशन पहुंचने पर भीड़ हो जाती है।

ऐसी स्थिति में भीड़ को नियंत्रित रखने के लिए जबलपुर के साथ ही कटनी और सतना से तुरंत प्रयागराज के लिए स्पेशल ट्रेन चलाने की तैयारी की गई है। प्रयागराज जाने के लिए यदि दो हजार से अधिक यात्री एकत्रित होंगे, तो तुरंत एक स्पेशल ट्रेन रवाना कर दिया जाएगा।

जिला स्तर पर गठित किए समन्वय दल- ट्रेन के परिचालन को सुगम बनाए रखने के लिए रेल प्रशासन ने जिला स्तर पर प्रशासनिक अधिकारियों के साथ समन्वय दल का गठन किया है। स्टेशन में भीड़ अधिक होने पर जिला प्रशासन के अधिकारी और पुलिस दल भी तुरंत सक्रिय हो जाएगा। श्रद्धालुओं की यात्रा से लेकर उनके ठहरने, खानपान, उपचार सहित अन्य सुविधाओं को उपलब्ध कराया जाएगा।

मुख्य सचिव एवं डीजीपी के साथ रेल अधिकारियों की चर्चा- महाकुंभ के शेष दिनों में श्रद्धालुओं के आवागमन की सुचारू व्यवस्था को लेकर मंगलवार को प्रदेश के मुख्य सचिव, डीजीपी ने रेल अधिकारियों के साथ वीडियो कांफ्रेंसिंग किया। रेलवे स्टेशन में व्यवस्था और ट्रेनों की उपलब्धता के संबंध में बातचीत की। अब तक की व्यवस्थाओं की समीक्षा की।

# रायपुर से प्रयागराज जा रही बस ट्रेलर से टकराई, एक की मौत और 20से ज्यादा श्रद्धालु घायल




अनूपपुर। छत्तीसगढ़ के रायपुर से प्रयागराज कुंभ जा रही एक लग्जरी बस मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ की सीमा पर वेंकटनगर थाना क्षेत्र में सड़क पर खड़े एक ट्रेलर वाहन के पीछे से जा भिड़ी। सुबह लगभग 5 बजे की यह घटना है। इस सड़क हादसे में बस क्लीनर (खलासी) की मौत हो गई है, जबकि 20 से अधिक श्रद्धालु घायल हुए हैं।

घायलों में कुछ को स्थानीय वेंकट नगर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में तथा 17 घायलों को जिला अस्पताल में उपचार हेतु भेजा गया है। जानकारी अनुसार रायपुर से रात करीब 11 बजे महेंद्र ट्रेवल्स की बस सीजी 19 एफ 0297 प्रयागराज महाकुंभ यात्रियों को बुकिंग करके जा रही थी। कोयले से भरे ट्रेलर से टकरा गई


जैसे ही बस छत्तीसगढ़ सीमा से 5 मीटर आगे मध्य प्रदेश की सीमा पर मोड़ के बाद प्रवेश कर वेंकट नगर जाने वाले रास्ते की तरफ बढ़ी। इसी दौरान वो कोयले से भरे ट्रेलर से टकरा गई। इससे बस का सामने का हिस्सा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया।

दोनों तरफ वाहनों की कतार लगी- बस के आगे बैठे क्लीनर संतोष गुप्ता निवासी सुपेला रमन भाटा भिलाई छत्तीसगढ़ की मौत हो गई। बस चालक भी गंभीर रूप से घायल हुआ है। इस दुर्घटना के बाद मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ के बीच हाईवे रोड पर दोनों तरफ वाहनों की लंबी कतार लग गई।

घटनास्थल से 500 मीटर दूर स्थित पुलिस सहायता केंद्र का बल मौके पर पहुंचा और घायलों को अस्पताल एंबुलेंस के माध्यम से उपचार हेतु भेजा। इस घटना में बस में सवार लगभग 80 यात्रियों में से 25 गंभीर रुप से घायल हुए हैं।

यात्रियों के अनुसार बस चालक को पेंड्रा और उसके आगे झपकी भी आई थी। तब उसे गाड़ी रोकने के लिए कहा भी गया था। लेकिन वह नहीं माना इसी तरह दूसरी लापरवाही अनूपपुर पुलिस की यह थी कि बीच सड़क में ट्रेलर लगभग एक दो दिन से खड़ा था। जिसे हटाने के प्रयास नहीं किया गया और ना ही वाहन के नजदीक कोई संकेतक या बैरिकेट्स रखे गए।

## महाकुंभ से लौट रहे श्रद्धालुओं की कार खातेगांव में ट्रक से टकराई



खातेगांव। प्रयागराज महाकुंभ से स्नान करके लौट परिवार की कार खातेगांव क्षेत्र में संदलपुर-नसरुल्लागंज मार्ग पर बुधवार सुबह एक ट्रक से भिड़ गई। हादसे में कार सवार मुंबई के दंपती की मौत हो गई जबकि उनके तीन रिश्तेदार घायल हो गए।

प्राथमिक उपचार के बाद घायलों को इंदौर रेफर किया गया है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार आमने-सामने की जोरदार भिड़ंत में कार का अगला हिस्सा बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया।

गंभीर चोट लगने से प्रशांत दवे, उनकी पत्नी हेमल दवे निवासी बोरिवली वेस्ट मुंबई की मौत हो गई। वहीं उनके रिश्तेदार ध्वनि, अंकित व एक बालिका घायल हो गए। इनको प्राथमिक उपचार के बाद इंदौर रेफर कर दिया गया।

### *एयरबैग ने बचाई आगे वालों की जान*

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार प्रशांत व हेमल कार में पीछे की ओर बैठे थे। जो लोग आगे सवार थे उनकी जान एयरबैग व सीट बेल्ट की वजह से बच गई। प्रयागराज में स्नान के बाद मंगलवार को यह लोग ओंकारेश्वर दर्शन के लिए निकले थे। रास्ते में खातेगांव में कार हादसे का शिकार हो गई।


## मध्य प्रदेश से गुजरने वाले नेशनल हाइवे सहित 17 मार्गों पर बनेंगे फूड कोर्ट-रेस्टोरेंट और शॉपिंग स्टोर्स



ग्वालियर। मध्य प्रदेश के साथ ही महाराष्ट्र, पश्चिम बंगाल और राजस्थान से गुजरने वाले 17 राष्ट्रीय राजमार्गों पर अब यात्री सुविधाओं में बढ़ोतरी की जाएगी। इन राष्ट्रीय राजमार्गों के किनारे मौजूद खाली जमीन को नेशनल हाइवे लॉजिस्टिक मैनेजमेंट (एनएचएलएम) कंपनी द्वारा विकसित कर लीज पर दिया जाएगा। ऐसी जमीन पर फूड कोर्ट और रेस्टोरेंट, शॉपिंग स्टोर, टायलेट सुविधा, पार्किंग, ईवी चार्जिंग स्टेशन और डोरमेट्री तैयार की जाएगी। अभी तक ये सुविधाएं सिर्फ एक्सप्रेस-वे पर ही मिलती हैं, जहां विशेष रूप से ये प्रविधान एनएचएआइ द्वारा किए जाते हैं, लेकिन अब हाइवे किनारे भी ये सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी। लीज पर दिया जाएगा

ग्वालियर-शिवपुरी हाइवे पर 86 हजार वर्गफीट जमीन को विकसित कर लीज पर दिया जाएगा। इसके लिए घाटीगांव में जमीन को चिह्नित कर लिया गया है।

# पुलिस व नक्सलियों के आमने-सामने होने से हुई मुठभेड़ में पुलिस को सफलता हाथ लगी



बालाघाट। नक्सल प्रभावित जिले के गढी थाना क्षेत्र अंतर्गत रौंदा के जंगल में एक बार फिर से पुलिस व नक्सलियों के आमने-सामने होने से हुई मुठभेड़ में पुलिस को सफलता हाथ लगी है। यहां मुठभेड़ में तीन नक्सलियों के ढेर होने की जानकारी मिल रही है।

वहीं अन्य नक्सलियों के घायल होने पर पुलिस पार्टी जंगल में नक्सलियों की तलाश कर रही है। मिली जानकारी के अनुसार रौंदा के जंगल में हाकफोर्स के जवान सर्चिंग कर रहे थे। इसी दौरान जंगल में मौजूद नक्सलियों ने सर्चिंग पार्टी पर घात लगाकर फायरिंग करना शुरु कर दिया।

बालाघाट। नक्सल प्रभावित जिले के गढी थाना क्षेत्र अंतर्गत रौंदा के जंगल में एक बार फिर से पुलिस व नक्सलियों के आमने-सामने होने से हुई मुठभेड़ में पुलिस को सफलता हाथ लगी है। यहां मुठभेड़ में तीन नक्सलियों के ढेर होने की जानकारी मिल रही है। वहीं अन्य नक्सलियों के घायल होने पर पुलिस पार्टी जंगल में नक्सलियों की तलाश कर रही है। मिली जानकारी के अनुसार रौंदा के जंगल में हाकफोर्स के जवान सर्चिंग कर रहे थे। इसी दौरान जंगल में मौजूद नक्सलियों ने सर्चिंग पार्टी पर घात लगाकर फायरिंग करना शुरु कर दिया।







मृत्युंजय महाकाल त्राहिमाम शरणागतः ,
जन्म मृत्यु जरा व्याधि पीड़ितो कर्म बंधनाह
भूतभावन बाबा श्री महाकालेश्वर प्रभु सभी को आरोग्यता प्रदान करें।

# जिले के सभी बीईओ एवं बीआरसी को कारण बताओ नोटिस जारी



उज्जैन । कलेक्टर श्री सिंह की अध्यक्षता में शिक्षा तथा सर्व शिक्षा विभाग के कार्यों की समीक्षा प्रातः 11 बजे से की गई। बैठक में अपार एंट्री के कक्षा 12वी के छात्रों का डेटा एंट्री का कार्य अगले सप्ताह तक पूर्ण करने के निर्देश दिए गए। विद्यालय भवनों के लीज की समस्या के निराकरण के लिए राज्य शिक्षा केंद्र से मार्गदर्शन प्राप्त कर शीघ्र कार्यवाही करने को भी निर्देशित किया गया।

श्री सिंह ने बैठक में 28 फरवरी के पूर्व भुगतान के सभी कार्य पूर्ण करने के निर्देश भी दिए। बैठक में सीएम राइस विद्यालयों के भवन निर्माण एवं संचालन की भी समीक्षा की गई। बैठक में जानकारी दी गई सीएम राइस स्कूल बड़नगर का कार्य पूर्ण हो चुका है। सीएम राइस महाराजवाड़ा एवं खाचरौद के विद्यालय भवन का निर्माण प्रथम तल तक हो चुका है। सीएम राइस जीवाजीगंज एवं जालसेवा में भवन ध्वस्तीकरण का कार्य प्रगतिरत है। सीएम राइस विद्यालयों का कार्य की धीमी गति एवं लापरवाही बरतने पर पुलिस आवास एवं विकास अधोसरंचना के कार्यपालन यंत्री को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया। बैठक में आईसीटी,स्मार्ट क्लास एवं डिजिटल लाइब्रेरी की भी समीक्षा की गई। बैठक में स्मार्ट क्लास के कंटेंट को आंकलन करने के लिए समिति बनाने, शिक्षकों द्वारा टैबलेट क्रय के कार्य के सभी आवेदनों का पुनरीक्षण कर अगले 2 कार्य दिवस में प्रतिवेदन प्रस्तुत करने ,पुस्तक मेले का आयोजन शीघ्र करने को भी निर्देशित किया गया। बैठक में निशुल्क पाठयपुस्तक वितरण ,निशुल्क साइकिल वितरण योजना ,समग्र छात्रवृत्ति योजना , ई स्कूटी वितरण ,लैपटॉप वितरण आदि की समीक्षा भी की गई। शिक्षा पोर्टल पर छात्रवृत्ति छात्रों को भेजने के लिए 5329 छात्रों का बैंक खातों का अद्यतन नहीं पाए जाने पर सभी ब्लॉक शिक्षा अधिकारी एवं सभी बीआरसी को कारण बताओ नोटिस दिया गया तथा फरवरी माह के अंत तक सभी छात्रों के खाते शिक्षा पोर्टल पर अद्यतन कर जानकारी प्रेषित करने के निर्देश दिए गए।

मुख्यमंत्री बाल हृदय उपचार योजना अंतर्गत रेफरल किए गए प्रकरणों में मरीजों एवं परिजनों को आने जाने की सुविधा के लिए राशि उपलब्ध कराई जाएगी इसके उपरांत कलेक्टर श्री सिंह ने स्वास्थ्य विभाग के कार्यों की समीक्षा की। बैठक में निक्षय अभियान में गलत जानकारी देकर भ्रमित करने के प्रयास पर कलेक्टर श्री सिंह ने नाराजगी व्यक्त की एवं जिला टीबी कॉर्डिनेटर की सेवा पृथक का आवेदन बनाकर राज्य शासन को प्रेषित करने का आदेश दिया।

कलेक्टर श्री सिंह ने आज सायं को ही अद्यतन जानकारी प्रेषित करने एवं आगामी दस दिवस में निक्षय अभियान की समस्त गतिविधियों को जनप्रतिनिधियों एवं प्रशासनिक अधिकारियों के साथ समन्वय कर शतप्रतिशत लक्ष्य पूर्ण करने निर्देश दिये। आर.बी.एस. के. (राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम) के तहत मुख्यमंत्री बाल हृदय उपचार योजना अन्तर्गत चिन्हित सर्जरी के लंबित प्रकरणों की सूची आगामी टी.एल. बैठक में प्रेषित करने हेतु निर्देश दिये गये।

# शिवाजी जयंती पर प्रभातफरी के साथ निकाली शौर्य यात्रा



उज्जैन। प्रतिवर्ष अनुसार बसंत विहार ए सेक्टर स्थित छत्रपति शिवाजी उद्यान में राजेंद्र परब के नतृत्व में शिवाजी जयंती मनाई गई।

अतिथि के रूप में उद्योगपति रश्मि लोकेंद्र सिंह राजपूत, क्षेत्रीय पार्षद निर्मला कारण परमार एवं चंद्रकांत परब द्वारा शिवाजी की मूर्ति का पूजन अर्चन एवं अभिषेक के साथ महा आरती की गई कॉलोनी वासी एवं समाजसेवियों द्वारा प्रभातफरी के साथ शौर्य यात्रा निकाली गई। जन अभियान परिषद की नव अंकुर संस्था देवी अवंतिका सामाजिक युवा कल्याण समिति द्वारा मुख्यमंत्री मोहन यादव द्वारा धार्मिक नगरी में शराब बंदी के लिए उनका आभार व्यक्त किया। सरल काव्यांजलि साहित्यक संस्था उज्जैन द्वारा महाराज शिवाजी की वीरगाथा पर कविता पाठ प्रस्तुत किया गया। रश्मि लोकेंद्र सिंह राजपूत द्वारा विशेष घोषणा की गई कि महिलाओ को छावा फिल्म उनके द्वारा दिखाई जायेगी। कार्यक्रम मे शिवाजी महाराज के जय भवानी जय शिवाजी जयकारो के साथ शिवाजी जयन्ती मनाई गई।

कार्यक्रम मे विशेष सहयोग रमेश कुमावत, जटा शंकर पांडे, जे पी शर्मा, हरीश घाडगे, लाकेन्द्र सिंह, दिलीप डेवढ़ा, दिनेश जैन, विजय प्रजपत, सियाराम पाटीदा, हरि नारायण शुक्ला, विठ्ठण खेडी, प्रदीप अरोड़ा, राजेश मेदावाला, विजय गोठवल, चंद्रप्रकाश पाटीदार, अरुण होसे, केदार गुप्ता, नरेंद्र चौरसिया, देवेंद्र राय, करुणा शितोले, मोना शिंदे, हेमा यादव, कुमुद घाडगे, छवि कदम, पदमा परब उपस्थित रही। आभार मुकेश बमनवत द्वारा किया गया। संचालन गोपाल कृष्ण जायसवाल ने किया।

## 21 फरवरी को अखाड़ा परिषद के साधु संत शिप्रा में मिल रहे नालों की स्थिति देखने जाएंगे

उज्जैन।अखाड़ा परिषद के अध्यक्ष महंत डॉ रामेश्वर दास महाराज ने बताया कि सिंहस्थ 2028 की तैयारी के बीच अब साधु संत शिप्रा को लेकर उग्र रूप धारण करने लगे हैं।

टाटा कंपनी द्वारा पिछले कई सालों से शहर में सीवरेज का कार्य किया जा रहा है। टाटा कम्पनी का कार्य संतोषजनक नहीं है, 21 फरवरी को स्थानीय अखाड़ा परिषद 13 अखाड़ों के साधु संत शिप्रा में मिल रहे हैं गंदे नालों की स्थिति देखने मौके पर जाएंगे। 21 फरवरी सुबह 9 बजे सभी साधु संत मंछामन स्थित एमपीएस से अपने दौरे की शुरुआत करेंगे।

# नेशनल गेम्स में 6 स्वर्ण पदक अर्जित करने पर कलेक्टर ने किया सम्मानित



उज्जैन। खेल एवं युवा कल्याण विभाग द्वारा संचालित क्षीर सागर मल्लखम्ब सेन्टर के खिलाड़ियों द्वारा उतराखंड में आयोजित नेशनलगेम्स में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर प्रणव कोरी ने- 2 स्वर्ण, जैसिका प्रजापति-2 स्वर्ण एवं कु. अंजली यादव-1 स्वर्ण तथा यतिन कोरी ने भी अपनी टीम के साथ 1 स्वर्ण पदक अर्जित किए।

उक्त खिलाड़ी विगत गुजरात एवं गोवा में आयोजित नेशनलगेम्स में भी पदक अर्जित कर चुके हैं खिलाड़ियों द्वारा प्रदेश एवं उज्जैन नगर का नाम गौरान्वित करने पर खेल संचालक रवि गुप्ता सहायक संचालक बी एस यादव एवम् जिला खेल प्रमुख पुलिस अधीक्षक प्रदीप शर्मा तथा जिला खेल अधिकारी ओ.पी. हरोड़ ने विश्वामित्र अवार्डी मल्लखंब कोच मोहलाल बम्बोरिया एवं खिलाड़ियों को बधाई देते हुए उज्जवल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर विशेष रूप से साथी कोच राहुल बारोड़, नरेन्द्र श्रीवास्तव, नरेंद्र गर्ग राखी चौहान, सुनिता यादव वैष्णवी कहार उपस्थित थे।

# गूंजा जय भवानी जय शिवाजी, लगे छत्रपति शिवाजी महाराज की जय के नारे

## शिवसेना उद्धव बालासाहेब ठाकरे उज्जैन द्वारा धूमधाम से मनाई गई छत्रपति शिवाजी महाराज की 395वी जन्म जयंती



उज्जैन। शिवसेना उद्धव बालासाहेब ठाकरे उज्जैन द्वारा छत्रपति शिवाजी महाराज की 395वी जन्म जयंती धूमधाम से मनाई गई।

शहीद पार्क से सैकड़ों बटुकों व शिवसेनिकों के साथ शिवसेना उद्धव बालासाहेब ठाकरे जिला प्रमुख पंडित चरित्र शर्मा के नेतृत्व में शिवसेना राज्य प्रमुख सुनील शर्मा, कार्यकारी राज्य प्रमुख नाहर सिंह गौड़, युवा शिवसेना राज्य प्रमुख प्रभात पुरनिया के मुख्य आतिथ्य में शहर के मुख्य मार्ग चामुंडा माता चौराहा, देवास गेट, इंदौर गेट, महाकाल चौराहा, पटनीबाजार, गोपाल मंदिर, केडिगेट, खजूर वाली मस्जिद, बुधवारिया, निकास चौराहा, बियाबानी होते हुए रैली नगर निगम पहुंची। जहां वीर महान मराठा छत्रपति शिवाजी महाराज की मूर्ति का अतिथियों द्वारा माल्यार्पण पूजन अर्चन कर आरती की गई। इस मौके पर आईटी सेल मालवा प्रांत संभाग प्रभारी अनुराग शर्मा, उज्जैन कार्यकारी जिला प्रमुख अर्जुन शर्मा, उज्जैन जिला उप प्रमुख अजय भारद्वाज, आयुष त्रिवेदी, रतलाम जिला प्रमुख राहुल सिंह गोहील, उज्जैन जिला सचिव प्रभुलाल, रतलाम ग्रामीण जिला प्रमुख कालू सिंह भाबर, उज्जैन ग्रामीण जिला प्रमुख जितेंद्र भाट, रतलाम जिला मीडिया प्रभारी मनोज मंडेवरा, मंदसौर जिला प्रभारी शुभम सिंह कच्छावा, मंदसौर जिला मीडिया प्रभारी कुलदीप सिंह गौड़, उज्जैन जिला उप प्रमुख ध्रुव सूर्यवंशी, उज्जैन जिला उप प्रमुख लखन चौहान, कैलाश पवार, विशाल सोनी, संतोष बघेरवाल, मुकेश शर्मा, गणेश सोनी, विनोद हाडा, कुणाल सोलंकी, रोहित महावर, रामलाल भाबर, बगदीराम भाभर, सपली बाई, धापू बाई, शिवम तला, अभिषेक चौहान, जितेंद्र वर्मा, जितेंद्र पांचाल, निर्भय सिंह आंजना सहित सैकड़ो शिव सैनिक उपस्थित रहे। कार्यक्रम के पश्चात शिप्रा मैया के शुद्धिकरण व घाटों पर सफाई व्यवस्था हेतु नगर निगम उज्जैन कमिश्नर को ज्ञापन भी सोपा गया।

## लगे छत्रपति शिवाजी महाराज के जय के नारे

उज्जैन। शिवसेना उद्धव बालासाहेब ठाकरे उज्जैन द्वारा छत्रपति शिवाजी महाराज की 395वी जन्म जयंती धूमधाम से मनाई गई।

शहीद पार्क से सैकड़ों बटुकों व शिवसेनिकों के साथ शिवसेना उद्धव बालासाहेब ठाकरे जिला प्रमुख पंडित चरित्र शर्मा के नेतृत्व में शिवसेना राज्य प्रमुख सुनील शर्मा, कार्यकारी राज्य प्रमुख नाहर सिंह गौड़, युवा शिवसेना राज्य प्रमुख प्रभात पुरनिया के मुख्य आतिथ्य में शहर के मुख्य मार्ग चामुंडा माता चौराहा, देवास गेट, इंदौर गेट, महाकाल चौराहा, पटनीबाजार, गोपाल मंदिर, केडिगेट, खजूर वाली मस्जिद, बुधवारिया, निकास चौराहा, बियाबानी होते हुए रैली नगर निगम पहुंची। जहां वीर महान मराठा छत्रपति शिवाजी महाराज की मूर्ति का अतिथियों द्वारा माल्यार्पण पूजन अर्चन कर आरती की गई। इस मौके पर आईटी सेल मालवा प्रांत संभाग प्रभारी अनुराग शर्मा, उज्जैन कार्यकारी जिला प्रमुख अर्जुन शर्मा, उज्जैन जिला उप प्रमुख अजय भारद्वाज, आयुष त्रिवेदी, रतलाम जिला प्रमुख राहुल सिंह गोहील, उज्जैन जिला सचिव प्रभुलाल, रतलाम ग्रामीण जिला प्रमुख कालू सिंह भाबर, उज्जैन ग्रामीण जिला प्रमुख जितेंद्र भाट, रतलाम जिला मीडिया प्रभारी मनोज मंडेवरा आदि। मंदसौर जिला प्रभारी शुभम सिंह कच्छावा, मंदसौर जिला मीडिया प्रभारी कुलदीप सिंह गौड़, उज्जैन जिला उप प्रमुख ध्रुव सूर्यवंशी, उज्जैन जिला उप प्रमुख लखन चौहान, कैलाश पवार, विशाल सोनी, संतोष बघेरवाल, मुकेश शर्मा, गणेश सोनी, विनोद हाडा, कुणाल सोलंकी, रोहित महावर, रामलाल भाबर, बगदीराम भाभर, सपली बाई, धापू बाई, शिवम तला, अभिषेक चौहान, जितेंद्र वर्मा, जितेंद्र पांचाल, निर्भय सिंह आंजना सहित सैकड़ो शिव सैनिक उपस्थित रहे।

स्वामी हिन्दकुश मीडिया के लिए संपादक, प्रकाशक, मुद्रक श्रीमती सीमा वशिष्ठ द्वारा 124, महाश्वेता नगर उज्जैन, (म.प्र.) से प्रकाशित तथा 6 निर्माण नगर उज्जैन, (म.प्र.) से मुद्रित, मो. 09826322221, परम चैतन्य 09329640700 Email : hindkushmedia@gmail.com